# 'केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को नई दिशा और गति प्रदान करेगा'

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट पर रविवार को बीकानेर में बजट परिचर्चा में केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा कि केन्द्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में नई दिशा और गति प्रदान करेगा।



बीकानेर में केन्द्रीय बजट आयोजित परिचर्चा को केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा यादव ने संबोधित किया।

शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में बजट परिचर्चा कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव उपस्थित रही। जिसमें बीकानेर के व्यापारी, डॉक्टर, वकील, सी.ए, बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बजट पर परिचर्चा हुई। अन्नपूर्णा देवी यादव ने कहा कि आज राजस्थान में पांच साल की निराशा के बाद डबल इंजन की सरकार आई है। डबल इंजन की सरकार आपके प्रदेश का विकास करेगी। ये डबल इंजन की सरकार मोदी की गारंटी की गारंटी को पूरा करेगी।

महिला, युवा, किसान, गरीब सबके विकास और विश्वास का बजट है। उसके साथ चिकित्सा, खेल, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, रेल के साथ देश के हर क्षेत्र को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। इस बजट का लाभ मिलेगा और इसके माध्यम से देश के साथ राजस्थान और बीकानेर का भी विकास होगा और आप सभी को विश्वास दिलाते है मोदी की गारंटी को हम पूरा करेंगे। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बजट पर परिचर्चा में कहा कि बीकानेर के लिए बढ़ी घोषणा आज करता हूं सितम्बर से बीकानेर में वंदे भारत ट्रेन चलेगी। बीकानेर सिरेमिक हब बनेगा, सोलर हब के रूप में बीकानेर विकसित हुआ है। हर घर सोलर के माध्यम से आज तेजी से सोलर का काम हो रहा है। देशनोक करणी माता मंदिर, कोलायत कपिल मुनि धाम पर्यटन क्षेत्र में मजबूत होगा।

नरेन्द्र मोदी सरकार हर वर्ग हर क्षेत्र को मजबूत करने में लगी है। सेंट्रल विस्टा के माध्यम से सभी मंत्रालय सभी विभाग के छत के नीचे रहेंगे। अग्निवीर योजना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की योजना है पर विपक्ष को हर विषय पर राजनीति करनी है। इसलिए वो इसका विरोध करने के साथ युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

खाद्य आपूर्ति मंत्री राजस्थान सरकार सुमित गोदारा ने कहा प्रदेश में भजनलाल सरकार की अगुवाई में राजस्थान एक विकसित प्रदेश के रूप में विकसित होगा। जल जीवन मिशन में 15 हजार करोड़ के कार्य आगामी दिनों में किए जायेंगे। 2027 तक किसान को 6 घंटे दिन में बिजली मिलेगी और बिजली कटौती से छुटकारा मिलेगा। बीकानेर से कोटपूतली तक 295 किलोमीटर तक ग्रीन कोरिडोर सड़क बनेगी। 450 रूपये में उज्जवला गैस मिलने लगी है, किसान को गेहूं का समर्थन मूल्य सबसे पहले राजस्थान में मिला है।

650 करोड़ रूपए राजस्थान सरकार ने किसानों को खाते में डाले है। सरकार बनते ही तीसरे महीने पेट्रोल डीजल के दाम कम करने का काम भजनलाल सरकार ने किया है। कार्यक्रम का संचालन मोहन सुराणा ने किया। आज की इस बजट परिचर्चा में विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, प्रदेश मंत्री भाजपा वासुदेव चावला, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर सिंह चारण, जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री, श्यामसुंदर चौधरी, महेश मूंड, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, जितेंद्र राजवी, सवाई सिंह, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, देवीलाल मेघवाल, जितेंद्र सोलंकी, भारती अरोड़ा, कोषाध्यक्ष शिवरतन अग्रवाल, मोर्चा अध्यक्ष सुमन छाजेड़, चंद्रमोहन जोशी, राजाराम सीगड़, सोहन चांवरिया, गोपाल अग्रवाल, गुमान सिंह राजपुरोहित, भूपेन्द्र शर्मा, सुशील शर्मा, प्रकाश मेघवाल, उपासना जैन, सरिता नाहटा, राजेश गहलोत, बनवारी लाल शर्मा, रामकुमार व्यास, सुरेश भसीन, छेलू सिंह, सतपाल शेखावत, नारायण चौपड़ा, जसवंत बैद, श्रीकांत ओझा, जयकिशन अग्रवाल, अंकुश चौपड़ा, रघुवीर सिंह, जुगल राठी, कमल आचार्य, पवन चांडक, कैलाश विश्नोई, गोपीकिशन गहलोत, विनोद करोल उपस्थित थे।

- **अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सितम्बर से वंदे भारत ट्रेन बीकानेर में चलेगी और बीकानेर सिरेमिक हब बनेगा**

## श्री 45 आगम तप शोभायात्रा के साथ शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर आदि ठाणा 18, प्रवर्तिनी व चन्द्रप्रभाश्री सुशिष्या विजय प्रभा व प्रभंजनाश्रीजी आदि ठाणा 5 के सानिध्य में रविवार को श्री 45 आगम तप व ताड़ पत्र पर उत्कीर्ण आगमों की प्रदर्शनी शोभायात्रा के बाद शुरू हुई। महावीर कॉलेज फॉर बेसिक नॉलेज शिविर आयोजित किया गया। सोमवार से 5 करोड़ नवकार जाप महा अनुष्ठान शुरू होगा।

गाजे बाजे से निकली शोभायात्रा भुजिया बाजार के चिंतामणि मंदिर, भगवान आदिश्वर मंदिर होते हुए ढढ्ढा चौक के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंची। जहां आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरिश्वर व मुनिवृंद की ओर से किए गए मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य लाभार्थी सुश्रावक यशवंत कोठारी परिवार ने भगवान पार्श्वनाथ, गणधर गौतम स्वामी व दादा गुरूदेव की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करवाई। आगम आचारंग सूत्र का सविधि पूजन करवाया। अनेक श्रावक-श्राविकाओं तप के साथ मंत्रों का जाप किया।

आगम प्रदर्शनी 11 सितम्बर को तप पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी। नवकार जाप महा अनुष्ठान 81 दिन यानि 17 अक्टूबर तक चलेगा। ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि बीकानेर में पहली बार जैन आगमों की मंत्र अंकित यंत्रों सहित प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रमुख 45 आगमों को आचार्यश्री जिन पीयूष सागर सूरीश्वर के सानिध्य में खरतरगच्छ सहस्त्राब्दी वर्ष पर पवित्र तीर्थ स्थल पालीताणा में ताड़पत्रों पर जंगलों की औषधि युक्त विशेष स्याही से उड़ीसा के लिपिकारकों से लिपिबद्ध करवाया था।

## सार-समाचार

### दीक्षांत समारोह की तैयारी बैठक




वेटरनरी विश्वविद्यालय प्रबंध मण्डल की बैठक को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय की 28 वीं अकादमिक परिषद् एवं 35 वीं प्रबंध मण्डल की अलग-अलग बैठक रविवार को कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में सप्तम दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों एवं स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक, रजत एवं कांस्य पदकों का सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में गत अकादमिक बैठक के विभिन्न मुद्दों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में सोमवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में भी परिषद एवं बोम के सदस्यों को अवगत करवाया गया। बैठक में प्रबंध मण्डल के सदस्य प्रो. ए.के. गहलोत, प्रो. रूद्र प्रताप पाण्डे (मथुरा) कुलसचिव बिन्दु खत्री, वित्त नियंत्रक बी.एल. सर्वा, प्रो. ए.पी. सिंह, प्रो. हेमन्त दाधीच, प्रो. राजेश कुमार धूड़िया, डॉ. एस.पी. जोशी, डॉ. सुचि स्मिता चटर्जी उपस्थित रहे। अकादमिक परिषद की बैठक में डॉ. अतुल सक्सेना (मथुरा), डॉ. कुलदीप गुप्ता (लुधियाना) डॉ. आदर्श कुमार ( पालमपुर), प्रो. शीला चौधरी, प्रो. आर.के. नागदा, प्रो. धर्म सिंह मीणा, प्रो. एस.के. शर्मा, वेटरनरी विश्वविद्यालय के डीन-डायरेक्टर तथा अकादमिक परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

### क्रिकेट खिलाड़ियों को पौधे बांटे



दीपिका कुलडिया ने पौधारोपण कर क्रिकेट खिलाड़ियों को पौधे वितरित किए।

**नोखा,** (निसं)। सनशाइन क्रिकेट खेल मैदान रोडा में दीपिका कुलडिया ने क्रिकेट खिलाड़ियों को पौधे वितरण किये व मैदान पर वृक्षारोपण कर पौधे को पेड़ बनाओ' अभियान को गति दी। दीपिका ने जुलाई माह में घर घर जाकर पौधे वितरण का अभियान चलाया है जो सितम्बर तक जारी रहेगा । 23 जुलाई को बीकानेर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने भी वृक्षारोपण उत्थान सम्मान से सम्मानित किया था। दीपिका ने बताया कि पौधारोपण में गुलमोहर, खेजड़ी,आम, शीशम, नीम,बरगद सहित कई प्रजातियां शामिल है। इस अभियान मे स्कूल, खेल मैदान कॉलेज परिसर व उद्यान में पौधे लगाये जायेंगे। बाद में इनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी संबंधित संस्थाओं को देंगे ताकि नियमित खाद-मिट्टी और पानी मिल सके। पौधारोपण करने के लिए 20 से 35 स्थान चिन्हित किए है। पौधा लगाने के लिए विशेषज्ञों की मदद लेंगे ताकि पौधे अधिक से अधिक समय तक जीवित रहकर पर्यावरण को शुद्ध बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। दीपीका अपने परिवार जनों के सहयोग से यह अभियान चला रही है।

### शेखावत थांग ता संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**बीकानेर,** (कासं)। थांग ता फैडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव विनोद शर्मा ने राजस्थान थांग ता एसोसिएशन को मान्यता पत्र जारी करते हुए बीकानेर के डॉ सुरेंद्र सिंह शेखावत को संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही झुंझुनूं की कोमल कंवर को सचिव तथा राकेश सैनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है। थांग ता एक पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट खेल है जिसका उदभव मणिपुर की जनजातियों से हुआ है। थांग ता पारंपरिक तलवार बाजी का ही रूप है जिसे भारतीय खेल महासंघ ने खेल के रूप में मान्यता दे रखी है। राजस्थान थांग ता संघ के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह खेल भारत में स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर एंड स्पोर्ट्स, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, खेलो इंडिया से मान्यता प्राप्त है तथा फैडरेशन को वर्ल्ड थांग ता फैडरेशन, एशिया थांग ता फैडरेशन, साउथ एशिया थांग ता फैडरेशन तथा इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ट्रेडिशनल गेम्स ने संबंधता दे रखी है। इस खेल की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में लगभग 40 देश भाग लेते है। अब तक भारत में इस खेल की 29 राष्ट्रीय स्पर्धा हो चुकी हैं। यह प्राचीनतम मणिपुर का खेल है जिस पर अंग्रेजी शासन में बैन लगा दिया गया था। आजादी के बाद पुन: इस पारंपरिक तलवारबाजी की कला का विकास हुआ तथा फैडरेशन अध्यक्ष प्रेम कुमार के प्रयासों से 1983 में इसे खेल के रूप में मान्यता दे दी गई। थांग ता के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संघ बनाए गए हैं और मानदंडों के अनुसार वार्षिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। संघ की सचिव कोमल कंवर ने बताया कि राजस्थान में अगले महीने झुंझुनू में थांग ता कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जल्द ही राजस्थान में थांग ता राज्य प्रतियोगिता आयोजित कराई जायेगी।

# बीकानेर में मॉडल ईशप्रीत कौर का शव एक मकान में मिला

- **पुलिस को कमरे में मौके पर एक लोडेड पिस्टल भी मिली**
- **मृतका के साथी युवक जयराज तंवर को निगरानी में लिया**

**बीकानेर,** (कासं)। सोशल मीडिया इफ्लूएंसर ईशप्रीत कौर की संदिग्ध हालत में मौत का मामला हत्या में तब्दील हो गया है। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने मृतका के साथी युवक जयराज तंवर को निगरानी में लिया है।

ईशप्रीत का शहर के नजदीक चकगर्बी की केशव कुंज कॉलोनी के मकान में शव मिला था। कमरे में उसका साथी युवक जयराज तंवर भी बेसुध हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद एसपी तेजस्विनी गौतम, एएसपी सिटी दीपक शर्मा समेत पुलिस आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। बेसुध मिले जयराज तंवर को पीबीएम में भर्ती करवाया।

पुलिस ने मौके से एक पिस्टल और सफारी गाड़ी भी कब्जे में ली। घटना को लेकर एमपी नगर थाना पुलिस ने मृतका ईशप्रीत कौर के पिता गुरदीप सिंह की रिपोर्ट पर जयराज तंवर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय ईशप्रीत न सिर्फ मॉडल और सोशल मीडिया इफ्लूएंसर थी। उसके इंस्टाग्राम पर 8 लाख से ज्यादा फॉलोअर भी हैं। पता चला है कि केशव कुंज कॉलोनी के जिस मकान में ईशप्रीत कौर का शव मिला, वह मकान जयराज तंवर का बताया जाता है। मुक्ताप्रसाद नगर थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची घर के एक दरवाजे को छोड़ कर सभी दरवाजे बंद थे। मौके पर पुलिस को एक लोडेड पिस्टल भी मिली है। दोनों वहां कब और क्यों गए, ये हत्या है या सुसाइड, इसकी जांच की जा रही है। ईशप्रीत 24 जुलाई से घर से लापता थी। उसी दिन से वह जयराज तंवर के साथ उसके केशव कुंज वाले मकान में थी।

ईशप्रीत कौर की मौत के बाद पिता गुरदीप सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि जयराज तंवर उसकी बेटी ईशप्रीत कौर पर पिछले काफी समय से शादी के लिए दबाव बना रहा था। उसने ईशप्रीत से कई दस्तावेजों पर जबरदस्ती साइन करवा लिए और उसके बैंक खाते से पैसे भी निकलवा लिए। जयराज तंवर कई बार ईशप्रीत को धमकी देकर अपने साथ लेकर जाता था।

## विवाहिता ने ट्रेन के आगे छलांग लगा जान दी

**बीकानेर,** (कासं)। देर रात को अपने घर से निकली 22 वर्षीय विवाहिता ने ट्रेन के आगे छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

बताया जा रहा है कि देर रात को विवाहिता अपने घर से निकली थी और दिल्ली-बीकानेर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे विवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गोपालसर निवासी उर्मिला पत्नी धन्नाराम स्वामी रात को अपने घर से निकल गई थी।

आज अलसुबह घर से करीबन डेढ़ किलोमीटर दूर दुलचासर गांव में कोटासर मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के नजदीक दिल्ली-बीकानेर ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दे दी। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची श्रीडूंगरगढ़ थाना पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। हाल फिलहाल पता नहीं चल पाया है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# पति-पत्नी को जीप ने मारी टक्कर,पति की मौत

- **सड़क क्रॉस करने के दौरान हुआ हादसा, पत्नी को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई**

**बीकानेर,**(कासं)। शहर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में रोड़ क्रॉस कर रहे पति-पत्नी को एक जीप ने टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। दोनों को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पति की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घायल महिला को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

जयपुर रोड पर लाडनूं टीपनी निवासी संग्राम सिंह अपनी पत्नी के साथ रोड़ क्रॉस कर रहे थे। इस दौरान उनको एक जीप ने टक्कर मार दी। इस संबंध में बिग्गा बास श्रीडूंगरगढ़ निवासी महावीर सिंह ने जीप चालक के खिलाफ व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। महावीर ने रिपोर्ट में बताया कि लाडनूं के टीपनी निवासी संग्राम सिंह उसकी बस में काम करता है। 26 जुलाई को शाम सवा आठ बजे के आसपास अपनी पत्नी के साथ डॉक्टर को दिखाकर तिलक नगर के सामने जयपुर रोड पर टेंपों से उतरकर तिलक नगर जाने के लिए रोड़ क्रॉस कर रहा था। सोफिया स्कूल की तरफ से थार जीप आई व दोनों को टक्कर मार दी। पुलिस ने थार जीप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

वहीं सीढियों की रैलिंग से फंदा बनाकर एक वृद्ध ने फांसी लगा ली। यह वाक्या देशनोक पुलिस थानान्तर्गत बरसिंहसर की वार्ड 14 का है। जहां किशनाराम जाट (66) पुत्र कानाराम जाट ने अपने घर में बनी सीढियों की रेलिंग से फंदा बनाकर फांसी लगा दी। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतक के भाई जीवणराम ने पुलिस थाने में दी है।

# बाबा दीप सिंह के गुरमत समागम की तैयारी शुरू

- **धन धन बाबा दीप सिंह गुरूद्वारा के स्थापना दिवस पर गुरमत समागम 30 अगस्त से शुरू होगा**

**गजसिंहपुर,** (कासं)। गजसिंहपुर के वार्ड नंबर 10 में स्थित धन धन बाबा दीप सिंह गुरूद्वारा में दसवें महान गुरमत समागम की तैयारियां शुरू हो गई है। इस गुरूद्वारा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित गुरमत समागम 30 अगस्त शुक्रवार से शुरू होगा।

इस अवसर पर अखंड पाठ का प्रकाश होगा तथा 31अगस्त व 1 सितम्बर को कीर्तन दीवान का आयोजन होगा और रविवार सुबह अखंड पाठ का भोग डाला जायेगा। गुरूद्वारा सेवादार सतपाल सिंह चानी ने बताया कि कीर्तन दीवान में कथा वाचक व ढाडी जत्थे पहुंचकर गुरू महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर ज्ञानी बेअंत सिंह पटियाला वाले, अजायब सिंह अनखी, बाबा साहब सिंह,भाई गुरजीवन सिंह, हजूरी जत्था भाई सेवक सिंह, अजयपाल सिंह इत्यादि कीर्तन दीवान में गुरू महिमा का गुणगान करेंगे। सतपाल सिंह चानी के अनुसार लड़ीवार अखंड पाठ शुरू है। रोजाना एक पाठ का प्रकाश और एक पाठ का भोग पड़ेगा। मुख्य सेवादार चमकौर सिंह इस वार्षिक समागम को पूरी तरह सफल बनाने के प्रयास में जुटे हैं।

## ट्रक की चपेट में आने से मौत

**बीकानेर,** (कासं)। ट्रक की चपेट में आए युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के भाई आचार्यों की घाटी क्षेत्र निवासी गोपाल ब्राह्मण ने चालक के खिलाफ नापासर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि नौरंगदेसर में उसका भाई श्याम जोशी ट्रक के ऊपर बैठा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान ट्रक चालक ने ट्रक को अचानक पीछे लिया। जिसके लिए ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगाए। जिसकी वजह से उसका भाई उछलकर नीचे गिर गया तथा ट्रक की चपेट में आ गया। उससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको ट्रोमा सेन्टर में भर्ती करवाया गया। जहां दो दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सैक्स रैकेट का पर्दाफाश, आठ युवतियां गिरफ्तार

- **बीकानेर में नौकरी दिलवाने के बहाने जबरन देह व्यापार करवाने का भंडाफोड़, दो युवती थाईलैंड की**

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के जेएनवीसी थानान्तर्गत एक होटल में पुलिस की ओर से सैक्स रैकेट का पर्दाफाश कर दो विदेशी युवतियों सहित आठ युवतियों को गिरफ्तार किया जिन्हें नारी निकेतन भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार रात सुदर्शना नगर स्थित होटल केजी लांज छापेमारी कर सैक्स रैकेट को पकड़ा है। यहां लड़कियों व महिलाओं को बीकानेर में नौकरी दिलवाने के बहाने जबरन देह व्यापार करवाने का भंडाफोड़ हुआ है। सदर सीओ प्रशिक्षु आईपीएस रमेश के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से एक बारी इलाके में हड़कम्प मच गया। साथ ही इस मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कर कुछ युवकों को भी गिरफ्तार किया है। आईपीएस रमेश ने बताया कि जेएनवीसी थाना इलाके में लम्बे समय से एक होटल में देह व्यापार की सूचना मिल रही थीं। जिसके बाद इस होटल में रेड मारी गई। जहां होटल में एक महिला ने पुलिस को परिवाद देते हुए बताया कि उसे व उसके साथ अन्य युवतियों व महिलाओं बीकानेर में नौकरी दिलवाने के नाम पर होटल के कमरों में बंद करके रखा गया है। इन युवतियों से जबरन वेश्यावृति का काम करवाया जा रहा था। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरा खुलवाया और अंदर बंद लड़कियों व महिलाओं का रेस्क्यू किया। पुलिस को होटल के कमरों से कुल आठ लड़कियां व महिलाएं मिली है। पुलिस द्वारा रेस्क्यू की गई इन युवतियों में छह भारतीय है और दो थाईलैंड की है। जिनको यहां बीकानेर में काम दिलाने के बहाने जबरन वैश्यावृति का काम करवाया जा रहा था। पुलिस ने होटल संचालक शंकर गहलोत सहित चार जनों को धारा 151 में गिरफ्तार किया।

# 'कार्यकर्ता संगठन की ताकत, भाजपा कार्यकर्ताओं के श्रम का मूल्यांकन करती है'

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी पुराना शहर मंडल की कार्यसमिति की बैठक आज जनेश्वर भवन में मंडल अध्यक्ष कमल आचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष विजय आचार्य उपस्थित थे। आचार्य ने कार्यसमिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभिनंदन पत्र व भजन लाल सरकार द्वारा किए गए कार्य, राजनीतिक अनुबोधन, संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई।




भारतीय जनता पार्टी पुराना शहर मंडल बीकानेर की कार्यसमिति की बैठक को भाजपा शहर अध्यक्ष विजय आचार्य ने संबोधित किया।

विजय आचार्य ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं के श्रम का मूल्यांकन करती है। सरकारी कर्मचारियों को लोन की घोषणा भी उनकी सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। जिला उपाध्यक्ष गोकुल जोशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभिनंदन प्रस्ताव पढ़ते हुए बीकानेर सांसद अर्जुनराम मेघवाल को कानून मंत्री, कोटा सांसद ओम बिरला को स्पीकर व किसान के बेटे को उप राष्ट्रपति जैसे पद पर विराजमान किया है। जैसे विशेष निर्णयों का अभिनंदन किया। मंडल प्रभारी नारायण चौपड़ा ने संगठन की सरंचना, आगामी कार्यों को सफल बनाने व पार्टी के संपूर्ण विकास हेतु संबोधित किया। मंडल अध्यक्ष कमल आचार्य ने सभी कार्यकर्ताओं को मोदी की मन की बात कार्यक्रम हर बूथ पर हो। मंडल कार्यसमिति की बैठक में महामंत्री अनिल हर्ष, तरूण स्वामी, ओम सुथार, सत्यनारायण छंगाणी, राजा व्यास, दिनेश परीक, इन्द्र जोशी, नारद छंगाणी, अशोक तिवारी, संतोष पुरोहित, कैलाश जोशी, मनोज पुरोहित, मुकेश आचार्य, जितेश स्वामी, सुशील आचार्य, आशा आचार्य, सुमन जोशी, जुगल व्यास, गणेश व्यास, राहुल हर्ष, मुकेश पुरोहित, गोपाल आचार्य, दिनेश कुमार उपाध्याय, श्यामसुंदर हर्ष, संजय पुरोहित, कवि आचार्य, प्रभुदयाल सुथार, राजकुमारी मारू मौजूद थी।

- **भारतीय जनता पार्टी पुराना शहर मंडल की कार्य समिति की बैठक**

# पूर्व सांसद स्व. तनसिंह के खिलाफ टिप्पणी का विरोध

- **अमर्यादित टिप्पणियों के खिलाफ महाराव शेखाजी संस्थान ने खड़गे को कड़ा पत्र लिखकर कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी पर कार्यवाही करने की मांग की**

**बीकानेर,** (कासं)। कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी द्वारा क्षत्रिय समाज पर अनर्गल एवं अमर्यादित टिप्पणियों से आंदोलित क्षत्रियों की सर्वमान्य संस्था महाराव शेखाजी संस्थान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी सहित प्रमुख नेताओं को पत्र लिखकर हरीश चौधरी के खिलाफ कार्यवाही करने का आग्रह किया है।

संस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत आरएएस भवानी सिंह शेखावत ने लिखा है कि पूर्व सांसद और बायतु के वर्तमान विधायक हरीश चौधरी द्वारा समाज के पुरोधा पूर्व सांसद स्व. तनसिंह के खिलाफ अपमानजनक वक्तव्य दिए गए हैं जो देश की आन बान और शान के लिए समर्पित समूचे क्षत्रिय समाज सहित समस्त कौमों का सार्वजनिक अपमान है। जिसे सहन नहीं किया जा सकता। शेखावत ने उल्लेख किया है कि गत दिनों बाड़मेर की एक सभा में हरीश चौधरी ने सभी समाजों द्वारा सम्मानित पूर्व सांसद तनसिंह के संबंध में अमर्यादित और अशोभनीय टिप्पणी की। इसी प्रकार तनसिंह के अनुयायियों द्वारा देश की राजधानी में विगत 28 जनवरी 2024 को मनाये गये जन्म शताब्दी समारोह के संबंध में हरीश चौधरी द्वारा राजस्थान विधानसभा में अनावश्यक नकारात्मक टिप्पणी की गई। पत्र में बताया गया है कि विगत 18 जुलाई को फिर से हरीश चौधरी ने राजस्थान विधानसभा में क्षत्रिय समाज एवं इसकी गौरवमय स्थिति को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की जिसे राजस्थान विधानसभा द्वारा भी असंसदीय मानते हुए कार्यवाही से हटा दिया गया है।

महाराव शेखाजी संस्थान द्वारा उल्लेख किया गया है कि कांग्रेस पार्टी स्वयं को संपूर्ण भारत का प्रतिनिधि बताती है। उसी भारत के वीर बलिदानी क्षत्रियों जिन्होंने सदियों तक अपने पुरूषार्थ एवं त्याग के बल राष्ट्र की न केवल सेवा की है बल्कि संप्रभुता को बचाकर रखा है। ऐसे क्षत्रिय समाज पर तथाकथित राजनेता अपने तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ व कुंठाग्रस्त ओछी मानसिकता के कारण अनर्गल टिप्पणियां करते हैं। ऐसे में पार्टी को इनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। ऐसे घटनाक्रम से समाज में कांग्रेस पार्टी के प्रति नकारात्मकता पैदा हुई है।

# सेवानिवृति पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेन्द्र प्रकाश शर्मा को दी विदाई



सेवानिवृति पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेन्द्र प्रकाश शर्मा को श्रीनाथजी भगवान की मुकुट जड़ित विग्रह भेंट कर अभिनंदन किया।

**■ बीकानेर न्याय क्षेत्र में स्थित 49 न्यायालयों के समस्त कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर दी विदाई**

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा बीकानेर द्वारा आज स्थानीय बजरंग धोरा पूगल रोड़ पर बीकानेर न्याय क्षेत्र में स्थित 49 न्यायालयों के समस्त कर्मचारियों ने जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेन्द्र प्रकाश शर्मा बीकानेर की सेवानिवृति पर समारोह आयोजित किया गया।

संघ के अध्यक्ष गिरिराज बिस्सा ने बताया कि बीकानेर की गौरवमयी परम्परा अनुसार बीकानेर में पदस्थापित सभी न्यायिक अधिकारियों व पूर्व न्यायिक अधिकारियों, बार के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठतम अधिवक्ताओं आर. के. दास गुप्ता, अजय कुमार पुरोहित, ओमप्रकाश हर्ष, घनश्याम ओझा, हरिनारायण सारस्वत, किसन सांखला की गरिमामय उपस्थिति में संघ के देवरतन व्यास, दीनदयाल ओझा, रामानुज द्वारा शर्मा का तिलक लगाकर स्वस्ति वाचन किया गया।

संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि सुमेर सिंह, रविन्द्र सिंह, भवानी सिंह द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि प्रभुदयाल वर्मा व संयुक्त सचिव महेन्द्र सिंह, संगठन मंत्री गिरीराज पुरोहित, कपिल ओझा द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संघ के सभाध्यक्ष शाहीद नूर प्रोटोकॉल एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश मोदी, न्यायालय प्रबंधक अंकुर सहगल ने अभिनंदन पत्र भेंटकर दीर्घायु होने की कामना कर शुभेच्छा प्रकट की।

संघ के अध्यक्ष गिरीराज बिस्सा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीराम विश्नोई, शंकर यादव छतरगढ़ से गिरीराज सैन, खाजूवाला से श्रवण गोदारा, कोलायत से किशन बिस्सा, डूंगरगढ़ से संजय सोनी, लूनकरणसर से मुकेश स्वामी ने जज साहब को श्रीनाथजी भगवान की मुकुट जडित विग्रह भेंट कर भावी जीवन में यश, कीर्ति, मान, सम्मान बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

प्रांतीय प्रतिनिधि नारायण पुरोहित, संघ के कमल मोदी, कमल सैन, अमरनाथ मोदी, मघाराम नायक ने फल व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। बार अध्यक्ष रघुवीर सिंह राठौड़ ने शर्मा के कार्यकाल में सभी अधिवक्ताओं को नये अधिवक्ता चैम्बर्स आवंटन के दुष्कर काम को सरलता, सजगता, समन्वय, सामंजस्य स्थापित कर अविस्मरणीय पुनीत कर्तव्य परायणता का श्रेष्ठतम उदाहरण पेश किया गया है। संघ अध्यक्ष गिरिराज बिस्सा ने बताया कि शर्मा साहब के कार्यालय में समस्त कर्मचारियों की पदोन्नति, पदस्थापन आदेश, कर्मचारियों की निर्देशिका, स्थायीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर अपनी प्रशासनिक कार्यकुशलता से कर्मचारियों के हृदय में देवतुल्य सम्मान पाया है।

आर. के. दास गुप्ता ने जिला एवं सेशन न्यायाधीश बीकानेर के कार्यकाल की भूरी भूरी प्रशंसा कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में स्वीकार किया कि बीकानेर से उनका विशेष लगाव रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने बीकानेर बार एवं बैंच के बीच सहयोग व समन्वय, सामंजस्य के बीच न्यायालयों की तुलना मंदिर से करते हुए पीठासीन अधिकारियों कर्मचारियों को सभी के साथ सहयोगात्मक रवैया से शिष्ट व नम्रता से पेश होने की अभिलाषा अभिव्यक्त कर स्वागत, अभिनन्दन से अभिभूत होकर सभी कर्मचारियों, संघ अधिवक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## भटनेर किंग्स क्लब का सलाना उत्सव

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भटनेर किंग्स क्लब हनुमानगढ़ का सलाना उत्सव पांच दिवसीय आयोजनों के साथ मनाया जायेगा।

तैयारियों को लेकर क्लब की बैठक जंक्शन स्थित कार्यालय में हुई। भटनेर किंग्स क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल की अध्यक्षता में हुई बैठक में संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि पांच साल का सफर बेहद रोमांचित रहा है। प्रत्येक सदस्यों ने संगठन की मजबूती में निष्ठापूर्वक काम किया है। सबने अपना बराबर का योगदान दिया। इसी का परिणाम है, आज भटनेर किंग्स क्लब सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भटनेर किंग्स क्लब और बेहतर कार्य करेगा और आमजन को राहत प्रदान करने में अपनी विशिष्ट भूमिका निभायेगा।

भटनेर किंग्स क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहाकि पांच दिवसीय आयोजन को सफल बनाना प्रत्येक सदस्य का दायित्व है। इसमें सबको जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी है। प्रवक्ता एडवोकेट रोहित अग्रवाल ने बताया कि नौ अगस्त को बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज परिसर में पौधरोपण के साथ पांच दिवसीय आयोजन का आगाज किया जायेगा। इसमें सभी सदस्य भाग लेंगे। इसके बाद 10 अगस्त को गौशाला जाकर सदस्य गोमाता की सेवा में श्रमदान करेंगे।

## सार-समाचार

### पौधारोपण व सार संभाल का निर्णय



बीकानेर सेवा योजना की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा करते पदाधिकारी।

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर सेवा योजना की बैठक आज रतानी व्यास बगेची में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता सीमा पारीक ने की। बैठक में सामूहिक निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में बीकानेर को हरा भरा बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये जाये। साथ ही पौधों को पेड बनने तक संरक्षण की जिम्मेदारी ली जाये। बीकानेर सेवा योजना के अध्यक्ष राजकुमार व्यास ने बताया कि अगले रविवार चार अगस्त को सुबह 7.30 पर व्यास कॉलोनी के सेक्टर -2 के भगत सिंह पार्क में पौधे लगाये जायेंगे। योजना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिलोक बिस्सा ने बताया कि सावन मास में पौधे लगाये जायेंगे और भादवा मास में लगाये गये पौधों की सिंचाई की जायेगी। मीडिया प्रभारी पवन राठी ने बताया कि इसके अलावा बीकानेर के सार्वजनिक स्थानों पर श्रम शक्ति से श्रमदान करके बीकानेर को स्वच्छ बनाने के संकल्प में सहयोग किया जायेगा। आज की बैठक में अध्यक्ष राजकुमार व्यास के अलावा त्रिलोक बिस्सा, इंजीनियर वीरेंद्र राजपुरोहित, के. सी. ओझा, राधा पुरोहित, पवन राठी, रामलाल पवार, छोटूलाल चूरा, योगेश बिस्सा, रामकुमार ओझा ने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीमा पारीक ने सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

### सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाना के गांव नीमा में एक शब्जी की दुकान पर सब्जी खरीदने आए व्यक्ति तथा दुकानदार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवकों ने लोहे के पाइपों से मारपीट कर 25-30 हजार रुपए जबरदस्ती ले जाने के आरोप में रविवार को मामला दर्ज किया है। थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि मुकेश मेघवाल निवासी नीमां ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 27 जुलाई को शाम 7.30 बजे गांव नीमा बस स्टैण्ड पर अपनी सब्जी की दुकान पर था। इसी दौरान गांव का ही पवन राजपूत उसकी दुकान पर सब्जी लेने आया था। करीब पांच मिनट बाद गांव के सुरेन्द्र गुर्जर तथा बलजीत गुर्जर मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए तथा उसकी दुकान में घूसकर हाथ में लिये हुए लोहे के पाइप से पवन के साथ मारपीट करने लगे तथा मेरी सब्जी को इधर उधर बिखेर कर सब्जी बर्बाद कर दी। जिसका विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट कर जाति सूचक गालियां दी।

### डाइट में पौधारोपण किया

**चूरू,** (का.सं.)। नगर परिषद की ओर से डाईट कार्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ , विधायक हरलाल सहारण, पैरालंपिक समिति अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने पौधारोपण किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष विमला गढवाल, आयुक्त अभिलाषा सिंह, प्राचार्य गोविन्द सिंह राठौड सहितज नप्रतिनिधि एवं कार्मिक मौजूद रहे। नगर परिषद् के सफाई कर्मचारियों ने इस पोधा रोपण कार्यक्रम में 4000 पोधे लगाये। इस मौके पर राजेन्द्र राठौड ने कहा कि आधुनिकता और विकास के इस दौर में हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। जिसका दुष्परिणाम हमको भुगतना पड़ेगा। इसलिए हमको अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा का जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आमजन की सहभागिता भी देखी जार ही है।

### भाजपाईयों ने सुनी मन की बात

**चूरू,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं ने शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्रों पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 112 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शक्ति केन्द्र पर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भाजपा कार्यकताओं के साथ मन की बात का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि शहर मण्डल के पांचों शक्ति केन्द्र पर भाजपा पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने मन की बात का लाइव प्रसारण सुना है। मन की बात कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलम्पिक के लिए खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए देशवासियों से अपील की है। पेरिस ओलम्पिक में खिलाडी भारत का मान बढ़ाने वाले है। उन्होंने बाघ मित्र कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम एवम आगामी 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के विषय में विस्तार से बात रखी है। इसके अलावा नेशनल हैंडलूम डे एवम परी प्रोजेक्ट के बारे में भी मन की बात में विषय रखा।

### दर्ज मामले वापस लेने की मांग

**सादुलपुर,** (निसं)। मनीषा स्वामी मौत प्रकरण में राजस्थान मृत शरीर का सम्मान अधिनियम 2023 अंतर्गत तथा अन्य धाराओं में लोगों पर पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले को स्वामी समाज के प्रतिनिधि विक्रम स्वामी ने वापस लेने की मांग कर उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत की है। स्वामी ने बताया कि जिस तरह से पुलिस प्रशासन ने समझौता वार्ता व बच्ची के अंतिम संस्कार के बाद पीड़ित परिजनों तथा न्याय की मांग कर रहे सर्वसमाज के लोगों पर मुकदमे दर्ज कर लोगों को डराने व उनका ध्यान भटकाने का जो प्रयास किया है वो न्याय संगत नहीं है। उन्होंने पीडितों व न्याय की मांग कर रहे निर्दोष लोगों पर से मुकदमे वापिस लिए जाने, मेडिकल बोर्ड पोस्टमार्टम की रिपोर्ट की पारदर्शिता सुनिश्चित करने एफआईआर नंबर 32 पर तुरंत पारदर्शी अनुसंधान शुरू करने की मांग की है। गौरतलब है 23 जुलाई को शहर के वार्ड 23 निवासी मनीषा स्वामी का शव राष्ट्रीय राजमार्ग 52 चूरू बाईपास पर मिला था। इसके बाद शहर में धरना प्रदर्शन करने तथा सोशल मीडिया पर भीड का इक्कठा करने व भडकाऊ भाषण करने, राज कार्य बाधित करने जैसे जुर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया।

# कार की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत

**■ कार चालक शव को सड़क पर डालकर फरार**

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र के मानकसर पुल के पास कार की टक्कर से पैदल जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई।

हादसे के बाद वहां राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सदर पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसे उसी की कार में डालकर राजकीय चिकित्सालय भिजवाया। लेकिन वह चिकित्सालय की बजाय शव को संघर-एक एलएलपी मार्ग पर डालकर पंजाब की तरफ भाग गया। शव के राजकीय चिकित्सालय नहीं पहुंचने पर सिटी पुलिस ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ व बीकानेर जिले में नाकाबंदी करवाई। सिटी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने टोल नाकों सहित अन्य स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया लेकिन कार चालक नहीं मिला।

मृतक का शव मिलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। इसके बाद शव का सीएचसी की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। इस संबंध में सिटी पुलिस थाना में मृतक के ताऊ के पुत्र ने कार चालक के खिलाफ वाहन को तेज व लापरवाही से वाहन चलाने व शव को नष्ट करने की आंशका में सड़क पर डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया हैं।

सिटी थानाधिकारी दलीप सिंह ने बताया कि मानकसर पुल के पास 9 एसजीएम साहुलवाला निवासी बिट्टू सिंह(35)पैदल श्रीगंगानगर की तरफ जा रहा था। इस दौरान पंजाब नम्बर की कार के चालक ने बिट्टू सिंह के टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। वहां राहगीरों की सूचना पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कार चालक की गाड़ी में डलवाकर राजकीय चिकित्सालय के लिए रवाना किया। इस दौरान सिटी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कार चालक शव को सीएचसी नहीं लाया और उसे रात को ही संघर एक एलएलपी मार्ग पर डालकर पंजाब की तरफ भाग गया। राजकीय चिकित्सालय में कार के नहीं आने पर श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़ व बीकानेर जिले में नाकाबंदी करवाई गई। इस दौरान पुलिस की अलग अलग टीमों को टोल नाका सहित अन्य स्थानों पर भेजा गया। वहीं कार के पंजाब के नम्बर मिलने पर बाद उसकी डिटेल निकाली गई। कार चालक की पहचान अमृतसर निवासी कुलविन्द्र सिंह के रूप में हुई। सिटी पुलिस की एक टीम को आरोपी को पकडने के लिए पंजाब भेजा गया है।

मृतक का शव संघर व एक एलएलपी मार्ग पर मिलने के बाद हैड कांस्टेबल सुनील कुमार बाबल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। मृतक के ताऊ के पुत्र रणजीत सिंह ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए सिटी थाना से गई पुलिस टीम जगह जगह छापामारी कर रही है, लेकिन अभी तक उसका सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस ने घटना की रात्रि को ही आरोपी का मोबाइल नम्बर ट्रेस कर लिया था।

## आर्मी एरिया में महिला ने फांसी लगाई

**बीकानेर,**(कासं)। मिल्ट्री एरिया में एक और महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

बता दें कि कुछ दिन पहले भी आर्मी क्षेत्र में एक जवान ने फांसी लगाकर सुसाइड किया था। इस आशय की मर्ग रिपोर्ट मृतका के पति के साथ काम करने वाले अधिकारी नायब सूबेदार सुदेश कुमार ने सदर पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि मिल्ट्री स्टेशन के जवान पवन कुमार की पत्नी नथीनी टी (26) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

वहीं गंगाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने घर की छत पर बनी पानी की कुंडी में छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई। भीनासर निवासी कोडाराम नायक ने बताया कि उसका बेटा महावीर नायक (35) शराब पीने का आदी था। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार रात को वह शराब के नशे में घर आया और सीधे छत पर गया तथा वहां स्थित पानी की कुंडी में कूद गया। जबकि परिवार वालों को उसके घर आने के बारे में पता नहीं था। कुंडी को खोला तो महावीर उसमें गिरा हुआ मिला।

# झुग्गी बस्ती के लोगों ने प्रशासन का पुतला जलाया

**■ पीड़ित बोले 21 दिन बीत गए नहीं हो रही कोई सुनवाई**

**सादुलपुर,** (निसं)। झुग्गी झोपड बस्तियों में गत दिनों बारिश का पानी भर जाने के कारण हुए नुकसान से पीड़ित तथा रोजी रोटी को तरसते लोगों ने आवासीय पट्टे जारी करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एडवोकेट गायत्री पूनिया के नेतृत्व में रविवार को प्रशासन के पुतले का दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि बारिश का पानी झुग्गी झोपडी में भर जाने के कारण बस्ती के लोगों का घरेलू सामान और खाने पीने का सामना नष्ट हो गया था। इसके बाद से लोग लगातार प्रशासन से राशन तथा आवासीय पट्टे की मांग कर रहे हैं। लेकिन 21 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और ना ही जरूरतमंद लोगों की मदद हो सकी। मांगों के समर्थन में खेमाणा रोड पर स्थित झुग्गी बस्ती के लोग एडवोकेट गायत्री पूनियां के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए पुतले का दहन किया तथा मांग के समर्थन में प्रशासन के खिलाफ नारे बाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं बस्ती के लोगों ने बताया कि नए कोर्ट के पीछे कई वर्षो से लोग झुग्गी में रहते हैं तथा कचरा बीनकर अपना जीवन यापन करते हैं। स्थाई निवासी होने के कारण इनको वोट का अधिकार तो दे दिया लेकिन सरकारी सुविधाओं और योजनाओं से आज तक वंचित है तथा शिक्षा से दूर और अनपढ होने के कारण आज भी सैंकड़ों लोग समाज की मुख्य धारा से दूर हैं। झुग्गियों के भूमि हीन लोगों को भूमि आवंटित हो, बरसात में तबाह हुई झुग्गियों का मुआवजा देने, झुग्गियों के लोगों को नि:शुल्क राशन योजना से जोड़ा जाने, खाद सुरक्षा योजना का बंद पडा पोर्टल चालू किया जाने, प्रशासन बारिश में झुग्गी बस्ती के लोगों की भोजन की व्यवस्था करने की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता गायत्री पूनिया एडवोकेट सादुलपुर जिला चूरू का कहना है कि गत काई वर्षो से पांच दर्जन से अधिक परिवार झुग्गी झोपडी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जिनके पास रहने को घर तक नहीं है खाने को भोजन नहीं है।

# वेटरनरी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

**■ 21 विद्या वाचस्पति सहित कुल 665 डिग्रियां एवं 27 मैडल प्रदान किये जायेंगे**

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर का सातवां दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित किया जायेगा।

कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षांत समारोह राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में 29 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। प्रो. नजीर अहमद गनई, कुलपति, शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कश्मीर समारोह के दीक्षांत अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह में कुल 538 बी.वी.एससी. एण्ड ए.एच. (स्नातक), डिग्री, 106 स्नातकोत्तर डिग्री तथा 21 विद्या वाचस्पति सहित कुल 665 डिग्रियां एवं 27 मैडल प्रदान किये जायेंगे। दीक्षांत समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर तैयारियों हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

## स्कूल को पांच पंखे भेंट

**बीकानेर,**(कासं)। श्रीनाथ व सरला व्यास की स्मृति में उनके पुत्रों चंद्र कुमार एवं रामनाथ व्यास द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाल बड़ी में पांच पंखे गर्मी से राहत देने के लिए भेंट किए गए।

कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोड़ा ने कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। प्रिंसिपल हरिकिशन मेहरड़ा ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। बोड़ा ने कहा कि भामाशाह को इस प्रकार आगे आकर के विद्यालयों में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। यह बहुत ही पुण्य का काम है।

# दवा दुकानों की जांच में पुलिस की एंट्री पर एतराज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट अलायंस ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दवा दुकानों की जांच कमेटी में पुलिस बल को शामिल नहीं करने की मांग की है।

दुकानदारों का कहना था कि कुछ समय से जिले में नशे के दुरूपयोग एवं अवैध नशे का कारोबार करने वाले नशा तस्करों के पकड़े जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर की ओर से तहसील स्तर पर कमेटी गठन कर दवा की दुकानों के निरीक्षण करने के आदेश दिए गए हैं। इसमें औषधि अधिकारियों के अतिरिक्त पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जबकि दवा विक्रेता सरकार से लाइसेंस प्राप्त कर वैध रूप से अपना व्यवसाय करते हैं।

जिनका समय-समय पर विभाग के अधिकारियों की ओर से निरीक्षण किया जाता हैं। कोई कमी पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त व निलंबित करने की कार्यवाही की जाती है, लेकिन पुलिस बल की उपस्थिति दवा संस्थान की प्रतिष्ठा पर विपरीत प्रभाव डालती है। इस अवसर पर सचिव मदन अरोड़ा, संरक्षक ओमप्रकाश मित्तल, सूरतगढ़ से अनिल शर्मा, गौरव मित्तल, नवीन कालड़ा, जुगल किशोर, नवीन गुप्ता, महावीर प्रसाद, रमेश खोड़, मनीष गर्ग, ओम कालड़ा, देवेन्द्र अदलखा, नरेश अरोड़ा, सुरेन्द्र बूटी, नारायण दास, विनोद गोयल, शंकर असीजा आदि मौजूद थे। संगठन पदाधिकारियों का कहना था कि पुलिस जांच दल के साथ दुकानों में आती है तो समाज में दुकानदार का विपरीत संदेश जाता हैं। विगत वर्षों में कभी भी दवा संस्थान पर निरीक्षण के दौरान कोई विवाद अथवा झगड़ा नहीं हुआ है। यदि औषधि अधिकारी पुलिस बल की मांग करता है तो इसमें भी उन्हें एतराज नहीं है, लेकिन देखने में आया है कि जितने भी लोग नशीली दवाओं के साथ पकड़े गए हैं, उनमें से अधिकतर केमिस्ट नहीं हैं।

# दंपती को चूना लगा फरार बंटी-बबली का सुराग नहीं मिला

**■ दो महीने पहले हनुमानगढ़ रोड पर अंध विद्यालय के सामने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक घर से सोने-चांदी के जेवर व नगदी लेकर एक युवती अपने प्रेमी संग फरार हो गई**

दंपती को चूना लगा फरार बंटी-बबली का दो महीने बाद भी सुराग नहीं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। एक दंपती को चूना लगाकर फरार बंटी-बबली का दो महीने बाद भी सुराग नहीं लगा।

गंगानगर इलाके में धोखाधड़ी करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस की सख्ती नहीं होने से पीडित पुलिस थानों के चककर काटने को मजबूर हैं। करीब दो महीने पहले हनुमानगढ़ रोड पर अंध विद्यालय के सामने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक घर से सोने-चांदी, नगदी और शेयर मार्केट के निवेश करने वाली रकम लेकर एक युवती अपने प्रेमी संग फरार हो गई। लेकिन उसका सुराग अब तक नहीं मिल पाया है।

चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली इस जोड़े की तलाश में पीडित पक्ष बार बार सदर थाने में जाने को मजबूर है लेकिन पुलिस बार बार सुराग ढूंढने की बजाय पीडित से ही आरोपियों की लोकेशन बताने का कह रही है।

इस मामले में हनुमानगढ़ जिले के रावतसर के वार्ड 19 और वर्तमान में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी किरणदीप कौर पत्नी हरदीप सिंह बाजीगर ने आठ जून को सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि वह अंधविद्यालय में विशेष व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। उसके पति विशेष अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उसके चार साल की बेटी जपजोत है, तीनों एक साथ रहते है। पिछले तीन चार साल से ड्रीम होम कॉलोनी निवासी कनिका गर्ग पुत्री नरेन्द्र गर्ग का उनके घर पर आना जाना था।

उसकी बेटी के जन्म दिन पर भी यह युवती आई थी। पांच दिन पहले यह युवती उसके घर आई तो वह अपनी बेटी को उसके पास छोड़कर वीके सिटी कॉलोनी में मकान देखने गई थी। जब वापस आई तो इस युवती ने घर जाने की जल्दी की और उसके पास एक बैग भी था, जिसे उसने चैक नहीं किया। दो दिन पहले जब उसे अपने सोने के जेवरात निकालने के लिए आलमारी की चाबी संभाली तो मौके पर चाबी नहीं मिली। छह जून को शाम को उसके पति ने लॉक तोड़ा तो लॉकर में सोने के जेवर नहीं थे। कनिका गर्ग ने ही सोने के जेवर और दस्तावेज चोरी पर शक होने के संबंध में कनिका के भाई हर्ष गर्ग को फोन किया तो उसका कहना था कि कनिका गर्ग घर से भागी हुई है और लिव इन रिलेशनशिप में कुशाल धामू नामक लडके के साथ रहती है। पहले भी कई वारदातें कर रखी है।

कनिका ने अपने प्रेमी कुशाल धामू के साथ मिलकर उसके घर से एक गले का हार सोने का, एक मांग टीका सोने का तोले का, एक कानों की झुमकी, एक सोने की चेन 2 तोले की, दो जेंट्स सोने अंगूठी, एक लेडीज अंगूठी, 5 जोडी चांदी की पायल, चांदी के कंगन, चांदी की दो चेन, कमरे में रखा एक लैपटॉप और 85 हजार रूपए की नकदी सहित काफी सामान चोरी कर लिया। पीडिता ने बताया कि उसके पति को शेयर मार्केट से संबंधित ऑनलाइन बिजनेस में निवेश कराने के लिए भी युवती ने झांसा देकर करीब पौने दो लाख रूपए हड़प लिए। 7 मई2024 को पचास हजार रुपए अनिशा नामक लड़की के खाते में ऑनलाइन जमा करवाए। इसके बाद 9 मई 23 को कुशाल धामू नामक लडके के खाते में 81 हजार रुपए जमा कराए थे। 36 हजार रुपए कुशाल धामू के नाम से फोन पे करवाए थे।

## श्मशान भूमि में पौधारोपण

**बीकानेर,**(कासं)। मीणा समाज के अध्यक्ष मानाराम मीणा की अध्यक्षता में श्मशान भूमि में पौधारोपण एवं साफ सफाई की गई।

श्याम सुंदर मीणा ने कहा कि जीवन में हर एक पेड़ हमारे जीवन के लिए जरूरी है साथ ही समाज को एक ही नारा पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ,जीवन बचाओ और समाज को और आगे बढ़ाने एवं समाज के विकास कार्यों पर चर्चा की गई। समाज ने श्मशान भूमि को स्वर्ग बनाने का संकल्प लिया।

समाज के कार्यक्रम में शामिल गणमान्य रूपाराम मीणा, मोहन लाल मीणा, श्यामसुंदर मीणा, प्रहलाद मीणा, लालचंद मीणा, मुरारी लाल मीणा, राजेन्द्र मीणा, मनीष मीणा, संजय कुमार मीणा, रामलाल मीणा, विकास मीणा, चांदरतन मीणा,जगदीश मीणा आदि शामिल थे।

गजसिंहपुर में श्री गुरुनानक कन्या महाविद्यालय में आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं तथा अन्य छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रमुखी की अगुवाई में पौधारोपण किया।

# बीकानेर में भाजपा नेताओं ने सुनी 'मन की बात'



केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा यादव व अर्जुनराम मेघवाल के साथ भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनी।

**बीकानेर,**(कासं)। बजट के बाद आज पहली बार 'मन की बात' कार्यक्रम का 112 वां एपिसोड प्रसारित हुआ। रविवार को बीकानेर वृंदावन होटल में केन्द्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की उपस्थिति में आज भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

आज मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, असम मोइदम, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की। साथ ही उन्होंने हैंडलूम पर भी चर्चा की। हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाता है। पीएम ने कहा कि आजादी के पर्व पर एक कपड़ा खादी का जरूर लें। साथ ही प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त की स्पीच में शामिल विषयों पर सुझाव मांगे। आज के इस कार्यक्रम में विधायक सिद्धि कुमारी, जेठानंद व्यास, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, प्रदेश मंत्री भाजपा वासुदेव चावला, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर सिंह चारण, जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, संगठन प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, श्यामसुंदर चौधरी, महेश मूंड, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, जितेंद्र राजवी, स्वाई सिंह, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, देवीलाल मेघवाल, भारती अरोड़ा, कोषाध्यक्ष शिवरतन अग्रवाल, मोर्चा अध्यक्ष सुमन छाजेड़, चंद्र मोहन जोशी, राजाराम सीगड़, सोहन चांवरिया, गुमान सिंह राजपुरोहित, सुशील शर्मा ने मन की बात कार्यक्रम सुना।

